दिनांक 8 सितंबर 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

छावनी चौक में स्थापित होगी शहीद चुम्मन यादव की प्रतिमा, महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद की हुई बैठक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के एम. आई. सी. कक्ष में आज महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में महापौर परिषद की बैठक संपन्न हुई। शहर सरकार की बैठक में शहीद चुम्मन यादव की प्रतिमा छावनी चौक में स्थापित करने को सर्वसम्मति से पारित किया गया। शीघ्र ही शहीद चुम्मन यादव की याद में छावनी चौक में प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उल्लेखनीय माननीय मुख्यमंत्री जी ने छावनी में आमसभा के दौरान इसकी घोषणा की थी। जिस पर तत्परता से शहर सरकार ने अमल करते हुए इस पर शीघ्रता से कार्य करने निर्णय लिया है। इसके साथ ही महापौर परिषद की बैठक में निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य , जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य, जोन क्रमांक एक नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत 7 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य, हुडको में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य , नगर निगम भिलाई के नए लोगों/मोनो के सृजन के संबंध में , नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न योजनाओं में रिक्त व्यवसायिक/आवासीय/आवासीय सह व्यवसायिक भूखंडों के आबंटन के संबंध में तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन उप विधियों 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में उचित निर्णय लिया है और कई विषयों को पारित किया है। आज की बैठक में प्रमुख रूप से महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, आदित्य सिंह, रीता सिंग गेरा, लालचंद वर्मा एवं नेहा साहू मौजूद रही।